अनदेखी | नियमों की अनदेखी या विभाग की मेहरबानी? दोनों दुकान बेहद कम दूरी पर हो रही संचालित, विवाद की स्थिति बनी

# गुबरा में 30 मीटर के दायरे में चल रहीं दो शराब दुकानें



**नवभारत, सिंग्रामपुर 24 अप्रैल।** जिले के सिंग्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुबरा में आबकारी नियमों की खुली अनदेखी का मामला सामने आया है। यहां मात्र 30 मीटर की दूरी में दो शराब दुकान संचालित हो रही हैं, जबकि नियमानुसार इन दुकानों के बीच कम से कम 300 मीटर की दूरी अनिवार्य है।

एक अप्रैल से जिले में नए शराब ठेके शुरू किए गए हैं। नियमों के तहत अलग-अलग स्थानों पर ए और बी दुकानें संचालित की जाती हैं, जिनके बीच पर्याप्त दूरी होना जरूरी है, लेकिन गुबरा में दोनों दुकानें बेहद कम दूरी पर संचालित हो रही हैं, जिससे विवाद की स्थिति बन गई है।

### दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे

शराब दुकान ए के मैनेजर ताराचंद राय का कहना है कि उनकी दुकान मझौली रोड पर लाइसेंस अनुसार प्रस्तावित है, जबकि दूसरी दुकान जबरन खोली गई है। वहीं, बी दुकान के सेल्समैन अजय रैकवार का दावा है कि उनकी दुकान पिछले दो वर्षों से उसी स्थान पर संचालित हो रही है और उनके पास वैध लाइसेंस व नक्शा मौजूद है। उनका कहना है कि दूसरी दुकान नियमों का उल्लंघन कर रही है।

### आबकारी विभाग पर सवाल

मामले की जानकारी मिलने पर आबकारी टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण तो किया, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट निर्णय या कार्रवाई सामने नहीं आई है। टीम द्वारा केवल समझाइश देकर लौट जाने से स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### नियमों पर उठते सवाल

जब नियम स्पष्ट हैं, तो 30 मीटर में दो दुकानें कैसे संचालित हो रहीं? निरीक्षण के बाद भी विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा? क्या यह विभागीय लापरवाही है या मिलीभगत?

### शासन की नीतियों पर सवाल

गुबरा में संचालित दोनों शराब दुकानों के बीच दूरी को लेकर जारी विवाद और विभाग की निष्क्रियता से शासन की नीतियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना होगा कि आबकारी विभाग इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है। जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे से जब इस संबंध में बात करनी चाहिए और विभाग का पक्ष रखना चाहा तो उनके द्वारा बार-बार कॉल करने के बावजूद भी कॉल रिसीव नहीं किया गया।



# झोपड़ी में लगी आग से सात बकरियां जलीं

गृहस्थी का सामान जलकर हुआ खाक, परिवार हुआ बेघर

**कुम्हारी नवभारत 24 अप्रैल।** ग्राम पंचायत मझौली के अंतर्गत गुदरी में बबलू आदिवासी के मकान में अचानक आग लग गई। बबलू आदिवासी शादी में शामिल होने कटनी गया हुआ था। पत्नी और बच्चों सहित आजू-बाजू में रहने वाले लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज धूप में झोपड़ी को नहीं बचा पाए।

बताया गया कि झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। बबलू आदिवासी के घर पर करीब 7 से 10 बकरियां थी, जो आग में जल गई। इसके अलावार घर में रखे कपड़े, गहने एवं खाद्य सामग्री और उसमें रखा 1 क्विंटल गेहूं भी जलकर राख हो गया। पटवारी को सूचना देने पर दूसरे दिन पटवारी अमित उपाध्याय स्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। लोगों से जानकारी लेकर पंचनामा कार्रवाई की।

### कलेक्टर से की मुआवजा देने की मांग

परिवार द्वारा थाने में भी सूचना दी गई और पटवारी द्वारा प्रतिवेदन बनाकर तहसीलदार पटेरा को दिया गया है। जल्द से जल्द गरीब आदिवासी परिवार, जो बेघर हो गया है, के लिए कुम्हारी एवं गुदरी



क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर से तत्काल आवास और खाद्य सामग्री की व्यवस्था करने में मदद एवं अतिशीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## एक नजर में

### राज्यमंत्री आज करेंगे सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

**नवभारत, दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज 25 अप्रैल को अपराह्न 04 :30 बजे माड़नखेडा एवं श्री शिव शक्ति एकादश महायज्ञ व श्रीमद् भागवत महापुराण में शामिल होंगे। आप शाम 05 बजे माड़नखेड़ा से खर्राघाट (हरदुआ हाथीघाट) प्रस्थान करेंगे और 05 :30 बजे खर्राघाट धाम एवं पर्यटन विभाग द्वारा धाम का विकास व सौन्दर्यकरण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी शाम 06 :30 बजे जबेरा के वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### तीन आरोपियों को 4 वर्ष के साश्रम कारावास की सजा

**नवभारत,दमोह.** दमोह जिला न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेश कुमार भट्ट के न्यायालय ने 23 अप्रैल को थाना कोतवाली के अपराध में आरोपी मुकेश सेन, खुशीराम उर्फ छोटू सेन और सुनदरलाल सेन को प्रकरण के विचारण में धारा 307, 34 भादवि के अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 1000 रूपये प्रतिव्यक्ति के हिसाब से जुर्माने का दंडादेश सुनते हुए सजा भुक्ताएं जाने का आदेश पारित किया है. अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अपरलोक अभियोजक राजकुमार सोनी ने बताया कि अभियोजन की ओर से 11 साक्षियों की साक्ष्य प्रस्तुत किए थे, वहीं प्रतिरक्षा में भी 5 साक्षियों की साक्ष्य प्रस्तुत किए गए थे.

### 4 घायलों को एफआरबी ने जिला अस्पताल पहुंचाया

**नवभारत,दमोह।** थाना दमोह देहात चौकी नरसिंहगढ़ में एक तेज रफ्तार ट्रक और मोटर साइकिल के एक्सीडेंट की सूचना मिली .उक्त सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 23 अप्रैल 2026 को प्राप्त हुई .सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना दमोह देहात चौकी नरसिंहगढ़ में तैनात डायल-112 वाहन एफआरबी 5 को मदद के लिए रवाना किया गया .दमोह 112 कंट्रोल रूम में आरक्षक राकेश रैकवार द्वारा घटना की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एफआरबी-5को रवाना किया गया. डायल-112 स्टाफ- आरक्षकनरेंद्र सिंह पायलट-सचिन पटेल ने बताया कि सूचना पर घटना स्थल पर रवाना हुए। मौके पर पति प्रहलाद पटेल, पत्नी पूजा पटेल व 2 बच्चों सहित कुल 4 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें तत्काल जिला हॉस्पिटल लाया गया है.



### सारिका साहू बनीं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष

**हटा 24 अप्रैल।** भोपाल-प्रदेश सहित देशभर से आ रही बधाइयां आपको बता दें तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट मध्य प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सारिका आलोक साहू के प्रदेश अध्यक्ष बनते ही लगातार बधाईयों का सिलसिला जारी है. महिलाओं में खुशी की लहर एवं सक्रियता देखी जा रही है. उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके शाहवाल, राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता प्रभारी अखिलेश शाह, प्रदेश अध्यक्ष तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट मध्य प्रदेश हरिशंकर साहू, प्रदेश महामंत्री कमलेश नायक, कोषाध्यक्ष गुड्डा भाटिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी लखन साहू, युवा प्रदेश अध्यक्ष मनीष साहू, पन्ना जिला अध्यक्ष काशीराम साहू, जबलपुर जिला अध्यक्ष विमलेश साहू, उमरिया जिला अध्यक्ष शिवकरण साहू आदि ने बधाई दी।



# पटेरा आईटीआई में लगा अव्यवस्थाओं का अंबार



**नवभारत,पटेरा।** पटेरा स्थित शासकीय आईटीआई में व्यवस्थाओं की हालत चिंताजनक हो गई है। परिसर में चारों ओर गुटखा थूक, पाउच और कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे स्वच्छता अभियान की खुली अनदेखी नजर आती है। प्रशिक्षण के लिए रखी गई मशीनें अव्यवस्थित हालत में पड़ी हैं और कई जगह करंट के नंगे तार खुले पड़े हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। छात्रों ने बताया कि ऐसे माहौल में प्रशिक्षण लेना जोखिम भरा बन गया है। पीने के पानी की व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। कड़ी धूप में रखी टंकी से गर्म पानी निकलता है, जिससे छात्रों की प्यास तक नहीं बुझ पा रही। जानकारी के अनुसार पानी की टंकी कई दिनों से साफ नहीं हुई, जिससे स्वच्छता पर भी सवाल उठ रहे हैं।





# श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन निकली कलश यात्रा

जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत कर लगाए जयकारे

**कुम्हारी नवभारत 24 अप्रैल।** नगर में कथावाचक पंडित कृष्णकांत शास्त्री के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस में कथा से पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली गई।

सेन परिवार की सौजन्य से कथा का आयोजन हो रहा है। इसमें श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे है। प्रथम दिवस में कलश शोभायात्रा श्री बिहारी मंदिर से निकाली गई, जो बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाएं। श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस में भागवत महात्म्य का वर्णन मुख्य होता है, जिसमें कथा की महिमा, श्रवण के नियम और भक्ति-ज्ञान-वैराग्य की कथा सुनाई जाती है।

### कल्याण और भक्ति का महत्व बताया

यह कथा वेद-उपनिषदों का सार है, जो जीव को जन्म-मृत्यु मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति के साथ कथा का शुभारंभ भागवत महात्म्य: भागवत कथा के श्रवण से होने वाले कल्याण और भक्ति का महत्व बताया जाता है। गोकर्ण-धुंधकारी की कथा में ज्ञान और वैराग्य के उत्पन्न होने तथा कथा के प्रभाव से धुंधकारी के उद्धार का प्रसंग आता है।

# दलित दूल्हे से मारपीट के चारों आरोपी गिरफ्तार

न्यायालय में किया पेश, भेजे गए जेल, एनएसए की कार्रवाई भी प्रस्तावित



**नवभारत, हटा 24 अप्रैल।** जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजोरी पाठक गांव में दिव्यांग दूल्हे गोलू अहिरवार की रछवाई निकालने के दौरान उसके साथ मारपीट करने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश किया. जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है.

एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने एक पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी थी कि चारों आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है.कलेक्टर के पास फाइल भेजी गई है, वहां से अनुमति मिलने के बाद आरोपियों पर यह धारा भी लगाई जाएगी. वहीं, इस मामले में अजाक संघ द्वारा भी आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था.

### 21 अप्रैल को निकली थी बारात

बता दें 21 अप्रैल की शाम गोलू अहिरवार की रछवाई घोड़े पर निकाली जा रही थी. जब वह परिजनों के साथ लोधी मोहल्ले में दिवाली के सामने से होकर गुजर रहा था. इसी दौरान आरोपियों के द्वारा रछवाई न निकालने और घोड़े से उतरने के लिए कहा. जब दूल्हे ने ऐसा करने से मना कर दिया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी उसकी बहन को भी मारा था.

### एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था

इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था. घायल दूल्हे ने हटा थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई. घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे. पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट व बीएनएस की अन्य धाराओं में आरोपियों पर मामला दर्ज किया था.चारों आरोपियों को गुरुवार को अभिरक्षा में लिया गया. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गुप्पू उर्फ गोपाल, बिच्छू उर्फ विश्वनाथ, चिन्नू उर्फ जगदीश, पलटू उर्फ लक्ष्मण शामिल है.



# स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में 25 यूनिट रक्त संग्रहित

नागरिकों ने स्वप्रेरित होकर उत्साहपूर्वक रक्तदान किया

**नवभारत,पथरिया 24 अप्रैल।** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में जनसहयोग से नि:शुल्क रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया.

जिले में लगभग 40 डिग्री तापमान के बावजूद युवाओं व अन्य नागरिकों ने स्वप्रेरित होकर उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया. संस्था में 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो आवश्यकता पड़ने पर मरीजों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होगा. मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ जतिन दुबे ने बताया कि शिविर दौरान तत्समय ही जरूरतमंद एक गर्भवती महिला (एच बी 6.3 ग्राम/डीएल) व एक अन्य महिला (एचबी 3.4 ग्राम/डीएल) को ब्लड ट्रांस्फ्यूजन (रक्ताधान) भी किया गया, जिससे उनकी स्थिति में सुधार हुआ. कार्यक्रम के दौरान डॉ. जतिन ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया.

# मोह, माया और राग-द्वेष से विरक्ति का मार्ग है दीक्षा : तात्पर्य सागर

आकर्षक नृत्य व नाटिकाओं ने सभी का मन मोहा, मुनि श्री 108 पद्म सागर महाराज का 28वां मुनि दीक्षा दिवस मनाया गया



**नवभारत, दमोह 24 अप्रैल।** मुनि श्री 108 पद्म सागर महाराज का 28वां मुनि दीक्षा दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज सहित बाहर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ, जिसे रुपाली जैन, शैली जैन व निधि चौधरी ने भक्ति भाव से प्रस्तुत किया। शहर की 18 जैन पाठशालाओं के विद्यार्थियों की सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जहां बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य एवं नाटिकाओं ने सभी का मन मोह लिया। दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में 28 पात्रों में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा विधिपूर्वक पादप्रक्षालन किया गया, जो इस ऐतिहासिक अवसर की गरिमा को दर्शाता है।

**परिजनों का किया गया सम्मान**-मुनि श्री पद्म सागर महाराज एवं क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर महाराज के गृहस्थ जीवन से जुड़े परिजनों का श्रद्धापूर्वक सम्मान किया गया।इस अवसर पर पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं मुनि श्री पद्म सागर जी महाराज का विभिन्न मंदिर समितियों, महिला मंडलों व सामाजिक संगठनों द्वारा भक्ति व उत्साह के साथ अभिनंदन किया गया।

**प्रवचन विशेषक आत्म कल्याण का मार्ग बताया**-कार्यक्रम के दौरान पूज्य क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसका उद्देश्य आत्मा की शुद्धि एवं मोक्ष की प्राप्ति है। दीक्षा केवल बाहरी त्याग नहीं, बल्कि मोह, माया और राग-द्वेष से पूर्ण विरक्ति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि यदि पूर्ण त्याग संभव न हो, तो भी संयम, सदाचार और अहिंसा को अपनाकर आत्मकल्याण की दिशा में बढ़ा जा सकता है।

**संस्कार ही जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं**-उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि गहरे संस्कार ही जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं। तत्पश्चात मुनि श्री 108 पद्म सागर महाराज ने अपनी दिव्य देशना में नेमावर सिद्ध क्षेत्र में 28 वर्ष पूर्व प्राप्त दीक्षा के भावुक क्षणों को स्मरण करते हुए अपने गुरु आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गुरु कृपा के बिना आत्मोन्नति का मार्ग कठिन है और दीक्षा का क्षण आत्मा के भविष्य को बदलने वाला होता है।

प्रदर्शन | दमोह से छतरपुर पन्ना जाने वाला मार्ग हुआ प्रभावित

# पानी की समस्या को लेकर ओवरब्रिज पर लगाया जाम



**नवभारत,दमोह 24 अप्रैल।** शहर के पथरिया फ टक ओवरब्रिज पर पानी की समस्या को लेकर वार्ड वासियों ने बीते गुरुवार सुबह जाम लगा दिया और धरने पर बैठ गए.

खाली कुप्पे लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग थी कि उनके वार्ड में पानी पहुंचाया जाए ,क्योंकि पाइपलाइन तो बिछी है, लेकिन पानी उसमें पर्याप्त नहीं आता. गर्मी का मौसम है उन्हें काफ ी परेशानी उठानी पड़ रही है. प्रदर्शन के कारण ओवर ब्रिज पर लंबा जाम लग गया और दमोह से छतरपुर और पन्ना जाने वाला मार्ग प्रभावित हो गया. करीब 2 घंटे तक वार्ड वासी प्रदर्शन करते रहे.

### सीएमओ के आश्वासन के बाद प्रदर्शन हुआ खत्म

इसके बाद नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और वार्डवासियों को आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ. मागंज वार्ड क्रमांक 5 के वार्ड वासियों के द्वारा यह प्रदर्शन किया गया था.जिसमें पथरिया फ ाटक ओवरब्रिज के दूसरी ओर वार्ड के लोगों द्वारा जाम लगाया गया और प्रदर्शन किया गया. कुछ लोगों ने भीड़ से निकलने का प्रयास किया तो प्रदर्शन करियों से कहां सुनी भी हुई, लेकिन किसी को भी निकलने नहीं दिया गया.

### पाइपलाइन बिछी है, लेकिन पानी नहीं आ रहा

वार्ड वासियों का कहना था कि उनके वार्ड में पानी की पाइपलाइन तो बिछी है, लेकिन उसमें पर्याप्त पानी नहीं आता. दो-दो तीन-तीन दिन के अंतर से पानी की सप्लाई हो रही है और उसका भी कोई समय निर्धारित नहीं है. वह काफी परेशान हो गए हैं वार्ड में कोई भी हैंडपंप चालू नहीं है. इसलिए उन्हें पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है. इस दौरान ओवरब्रिज के दोनों ओर से गुजरने वाले लोगों की लंबी-लंबी लाइन लग गई.